# <u>अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025</u>

दिनांक 21 जून, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 की विषय वस्तु **"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग"** पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, माचेडा में राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा योग दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक, आमजन एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

योग गुरू श्री सुगना राम के निर्देशन में उपस्थित शिक्षक, आमजन एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्रणायाम किये। साथ ही इनके द्वारा बेहत्तर मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बनाये रखने में योग के महत्व को बताया गया।

श्री मनीष कुमार कुलदीप, प्रबंधक (तकनीकी) राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड,

जयपुर द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण में जैव विविधता के महत्व एवं प्लास्टिक के बढ़ते खतरे को बताकर कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को जैव विविधता संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने हेतु जागरूक किया गया।